॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

हे विधाता ! जब तक आपकी करुणा न होगी, दया न होगी तब तक हम कदापि भी आपके आँगन में न आ सकेंगे। हे विधाता ! हमारे हृदय में शान्ति उत्पन्न करो, आज हम नास्तिक बनते जा रहे हैं, नास्तिक से आस्तिक बनाओ। आज हम क्या करें व्याकुल ही होना पड़ रहा है। हम तो अभागे नहीं थे परन्तु क्या करें आपके इस प्राकृतिक विचित्र खेल ने हमें इतना तुच्छ बना दिया है। जब आपकी करुणा हो जाती है ब्रह्मचारी बन जाते हैं, हमारा जीवन उच्च विलक्षण बन जाता है इसलिए हे विधाता ! दया करो, हमारी आत्मा, हमारा अन्तःकरण सब कुछ आपके अधीन है। प्रकृति के यह नाना आवेश, नाना चमत्कार हमारे समक्ष आते हैं तो हम इतने तुच्छ बन जाते हैं आत्मा में इतनी दुर्बलता आ जाती है कि आपसे विपरीत चलने लगते हैं, यह सूक्ष्मता तो है हममें। जब विधाता आपकी करुणा हो जायेगी तो महान् बन जायेंगे।

–पूज्यपाद गुरुदेव

अंक : 497 समग्र अंक : 572
वर्ष : 42 समग्र वर्ष : 48

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय		पृष्ठ संख्या
1.	प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	1
2.	अनुक्रम		2
3.	यौगिक शब्द	पूज्यपाद-गुरुदेव	3-19
4.	आत्म-उत्थान का मार्ग	पूज्यपाद-गुरुदेव	20-35
5.	दान, पुस्तकों की सूची व प्राप्ति के स्थान तथा सूचना आदि		36-40

चतुर्वेद ब्रह्म-पारायण याग

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से एवम् पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज (पूर्व शृङ्गी ऋषि जी) के शुभ आशीर्वाद से प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायज्ञ का आयोजन लाक्षागृह बरनावा में श्री महानन्द संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में दिनाँक 2 मार्च, 2014 से 9 मार्च, 2014 तक बड़े हर्ष एवम् उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सब अपने सम्बन्धियों व मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

श्री गाँधी धाम समिति (पंजी.)

॥ ओ३म् ॥

यौगिक-शब्द

जीते रहो,

देखो मुनिवरो ! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद-मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद-मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा महान् हैं और वह विज्ञानवेत्ता हैं और वह विज्ञानमय स्वरूप भी माने जाते हैं। तो इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा की महिमा, जो त्रिवर्धा कहा जाता है। आज के हमारे वेद के पठन-पाठन में त्रिवर्धा का बड़ा वर्णन आता रहा है क्योंकि त्रिवर्धा का अभिप्रायः ये कि ये संसार का प्रत्येक आभा में यह त्रिवर्धा से मानो तीन-तीन से विभाजन किया गया है। तो विभक्त होने से इसको त्रिवर्धा कहा जाता है।

त्रिवर्धा की विवेचना

आज का हमारा वेद-मन्त्रः त्रिवर्धस्वनम् ब्रह्मात्रि वर्णस्सुतम देवाः। वेद का मन्त्र कह रहा है कि त्रिवर्णों में और त्रिमात्राओं में ये संसार अपने में निहित हो रहा है और त्रिविज्ञान में, त्रिविद्या में। तो इसीलिए हम त्रिवर्धनम् त्रिवर्णस्सुतम् देवत्वाम् त्रिवाणम् क्रते देवाः। तो हम त्रिवर्णों की आभा में रत्त होते चले जाएँ जिससे हम परमपिता परमात्मा को अच्छी प्रकार जान सकें। क्योंकि उस परमपिता परमात्मा का जो नामोकरण है वह त्रिमात्रा वाला है जैसे उ और म अमृतं उ और म की प्रतिभा में मानो त्रिविद्या में वह परणित हो रहा है।

तो हम उस परमपिता परमात्मा को त्रिवर्धा स्वीकार करते रहे हैं क्योंकि वेद में **तीन प्रकार की विद्या** का वर्णन आता रहा है। सबसे प्रथम विद्या हमारे यहाँ ज्ञानम् ब्रहे मानो ज्ञान और कर्म और उपासना के रूप में परणित होती रही है। तो प्रत्येक मानव संसार का अपने में विज्ञानवेत्ता और ज्ञानी बनना चाहता है। प्रत्येक मानव के हृदय में यह आकांक्षा लगी रहती है क्या मैं अपने में ज्ञान और विज्ञानवेत्ता बन जाऊँ और ज्ञान में रत्त होता हुआ इस संसार को जानूँ और जानने के पश्चात् वह कर्म में, अपने में विश्वसनीय बनता है और कर्म के पश्चात् वह उपासना के क्षेत्र में प्रवेश करता है। तो मुनिवरो ! इसीलिए हमारे यहाँ त्रिवर्धा और त्रिविद्या का प्रायः वर्णन होता रहा है। **प्रत्येक मानव सृष्टि के प्रारम्भ से ही इन तीन प्रकार की विद्याओं के आँगन में रमण करता रहा है।** नाना प्रकार के अनुष्ठान हों, चाहे वह चिन्तन करने का विषय हो परन्तु चाहे वह अन्तरिक्ष में उड़ान उड़ने वाला क्यों न यन्त्र हो परन्तु वह सब ज्ञान, कर्म और उपासना में निहित हो रहा है। तो हम उस परमपिता परमात्मा का जो ज्ञान और विज्ञान है अथवा वह जो त्रिवर्धा है उसके ऊपर हम सदैव अपने में विचार-विनिमय करते रहें और यह विचारते रहें कि वह परमपिता परमात्मा हमारा आनन्दमयी स्वरूप है और वह त्रिवर्धा, त्रिमात्राओं से मानो ओत-प्रोत है। **संसार में तीन ही प्रकार की मात्रा कही जाती हैं और तीन ही प्रकार के गुण कहे जाते हैं** बेटा ! सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण। यह तीन प्रकार के गुणों में मानव विभक्त हो रहा है।

इसी प्रकार त्रिवर्धानम् ब्रह्माम्ब्रहे हमारे यहाँ जब यजमान अपनी यज्ञशाला में याग करता है तो वह तीन प्रकार की मानो मेखलाओं का अवधान करता है। वह तीन मेखला का अभिप्रायः भी ये ही है कि ज्ञानाम्, कर्मणां, उपासनम् भूतप प्रव्हा लोकाम् मानो देखो इन तीनों के द्वारा लोकों में जाना चाहता है। भू, भुर्वः, स्वः इन तीनों को जान करके वह मानो अनन्तमयी प्रकाश में जाना चाहता है जो

द्यौ के ऊर्ध्वा अग्र भाग में रत्त रहता है। और इनको जान करके मानो देखो तीन प्रकार के परमाणुओं को जान करके विज्ञानवेत्ता बनना चाहता है। विज्ञानवेत्ता वही बनता है जो तीन प्रकार के परमाणुओं को जानने में लगा हुआ है। मानो देखो तेजोमयी, तरलत्व और गुरुत्व यह तीन प्रकार के परमाणु हैं जिसकी आभा ये विज्ञान जिसमें निहित हो रहा है। चाहे वह मानो इस पृथ्वी मण्डल का विज्ञानवेत्ता हो, चाहे वह मंगल मण्डल का विज्ञान हो चाहे और भी नाना प्रकार के लोक-लोकान्तरों का विज्ञान क्यों न हो परन्तु वह विज्ञान केवल त्रिवर्धा में निहित रहने वाला है। वहाँ भी गुरुत्व, तरलत्व और तेजोमयी यह मानो देखो अपने में अभ्योदय हो रहा है जिससे मानव विज्ञानवेत्ता कहलाता है और वह नाना प्रकार की उड़ानें उड़ता रहता है।

मैंने तुम्हें कई काल में वर्णन करते हुए कहा था क्या अन्तरिक्ष में बेटा ! ऐसी-ऐसी स्थलियाँ हैं जहाँ देखो विज्ञानवेत्ता अपने यन्त्रों में विद्यमान हो करके वह यन्त्र स्थित कर दिए और नाना प्रकार के लोकों की सीमाओं को वह प्रायः दृष्टिपात करते रहे हैं। मैंने तुम्हें कई काल में वर्णन करते हुए कहा था क्या हमारे यहाँ देखो अमृतम् ब्रव्हे क्रतम् देवाः हमारे यहाँ बेटा ! एक **मारकण्डेय ऋषि** ऋषि हुए हैं जो मेरे प्यारे ! देखो वह भाकृति हरि और श्वेतम् गोत्रों में कहलाये गये परन्तु उनमें यह विशेषता थी क्या वह विज्ञानवेत्ता बहुत मार्मी व्रतम् ब्रव्हा वह विज्ञान में सदैव रत्त रहते थे और वैज्ञानिक यन्त्रों में विद्यमान हो करके वह **चन्द्रमा और पृथ्वी की जहाँ सीमा का सन्निधान होता है वहाँ यन्त्रों को स्थिर किया करते** और वह वहीं से देखो विज्ञान में, अपने में अणु और परमाणु का भी विभक्त होना उनके लिए स्वाभाविक अभ्योदय हो गया था। तो जिससे बेटा ! देखो उनका नामोकरण, मारकेण्डय ऋषि का नामोकरण अपने में बड़ा स्थलियों पर रहा है। बेटा ! आज मैं तुम्हें विज्ञान के वाङ्मय में या विज्ञान में नहीं ले जाना चाहता हूँ।

केवल विचार-विनिमय ये कि हमारा वेद क्या कहता है। वह

त्रिवर्धा को उद्गीत गा रहा है। वेद में मानो देखो तीन प्रकार की विभक्तियों में मानो देखो यह संसार रत्त रहा है। **तीन ही प्रकार के शरीर होते हैं।** आत्मा जब मानो इस संसार में आता है, किसी भी काल में आया तो परमपिता परमात्मा ने तीन प्रकार के शरीर दिये, सबसे प्रथम स्थूल, सूक्ष्म और कारण। मानो यह कारण या स्थूल या स्थूलम ब्रह्मा देखो सूक्ष्माम् यह तीन प्रकार के शरीर आत्मा के माने जाते हैं। मेरे प्यारे ! देखो सबसे प्रथम कारण है जहाँ ज्ञान और प्रयत्न दोनों रहते हैं और मुनिवरो ! देखो उसके पश्चात् सूक्ष्म है जहाँ मुनिवरो ! देखो दस प्राण हैं, पञ्च तन्मात्राएँ हैं और मुनिवरो ! देखो अमृतम् प्रकृति की वासनाएँ हैं और मन और बुद्धि यह सत्रह देखो सत्रह आभाओं का निर्मित होने वाला सूक्ष्म शरीर कहलाता है। और मुनिवरो ! देखो चौबीस का स्थूल कहलाता है जिसमें दस प्राण हैं, दस ज्ञानेन्द्रियाँ हैं ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ दस ये कहलाती हैं। परन्तु देखो मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार यह चतुष अन्तःकरण कहलाता है। तो परमपिता परमात्मा ने जब सृष्टि का सृजन किया तो मुनिवरो ! देखो यह अभ्यम् ब्रह्मे **दो प्रकार का जगत** मेरे देव ने निर्माणित किया है। और वह दो प्रकार का जगत एक जगत देखो बाह्य जगत है जिसे संसारिक जगत कहते हैं और एक आन्तरिक जगत माना गया है जो अन्तरात्मा से नाना प्रकार की प्रेरणाओं का जन्म होता रहता है और उससे प्रेरित हो करके यह अपने में रत्त रहता है। यह प्रेरणा को पाता रहता है।

आओ मेरे प्यारे ! देखो जब याज्ञिक पुरुषों ने यह विचारा कि यह याग क्या है तो इसके ऊपर उन्होंने आन्तरिक और बाह्य जगत दोनों का समन्वय किया। उन्होंने मुनिवरो ! देखो ज्ञान और विज्ञान को भी इसी में समावेश किया है। उसके पश्चात् उन्होंने याग की कर्मकाण्ड की पद्धतियों का निर्माण किया जिससे वह पद्धति मानो देखो एक साकार बन करके मानव के जीवन को शिक्षाप्रद बना देती है। तो मुनिवरो ! देखो इसी प्रकार हमारे यहाँ त्रिवर्णन प्रव्हा आचार्यो

का यह कथन रहा है क्या दोनों प्रकार के जगत को मानव को जानना चाहिए। **यदि मानव यह चाहता है कि मैं इस संसार सागर से पार हो जाऊँ या मैं अपने में ज्ञान और विज्ञान में रत्त हो जाऊँ तो यह दोनों प्रकार के ज्ञान और विज्ञान को जानने के लिए वह तत्पर हो जाए और यह तीनों प्रकार का जो शरीर है आत्मा का या आन्तरिक या बाह्य जगत उन सर्वत्रतता को जानना चाहिए।**

मेरे प्यारे ! देखो मुझे बहुत सा काल प्रायः स्मरण आता रहता है। जब मानव देखो तपस्या में परणित होता है तो तप करने के पश्चात् वह अपनी आभा में रत्त होता है और तपश्चर हो करके किसी शब्द को वह निर्धारित करता है इसे यौगिक शब्द कहते हैं वह अकाटय बन जाता है। उसे कोई मानव टिप्पणी नहीं कर सकता। तो इसीलिए वह तपस्वियों का और वह तपोमयी ही जीवन कहलाता है। तो विचार आता रहता है बेटा ! देखो हमारे यहाँ दो प्रकार के यागों की परम्परायता मानी जाती है। एक आध्यात्मिक याग है तो दूसरा भौतिक विज्ञान और भौतिक याग के नामों से वर्णन किया गया है। आज मैं बेटा ! इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा नहीं प्रगट कर रहा हूँ क्योंकि हमारे यहाँ नैतिक कर्म काण्ड की पद्धतियों में भी प्रायः देखो याग का अपना बड़ा महत्त्व माना गया है और राष्ट्रीय स्थलियों पर भी याग को अपनी स्थलियों में महानता का स्थान दिया है। तो विचार आता रहता है **हे मानव तू अपने में याज्ञिक बन।** तेरे प्रत्येक इन्द्रियों का जो साकल्य है, प्रत्येक इन्द्रियों का जैसे नेत्रों का साकल्य दृष्टिपात करना है सु और कु-दृष्टि नहीं, मानो सुदृष्टि उसका साकल्य बन करके रहता है। जैसे मुनिवरो ! देखो मानव के श्रोत्रों में शब्द आते हैं और वह शब्द में जितनी भी शुद्धता रहती है, जितना भी सु शब्द होता है उतना ही तेरे यह जो कर्णोन्द्रिय है यह सजातीय बन जाती हैं। मुनिवरो ! देखो इसी प्रकार ब्रह्मणां ब्रव्हा क्रतम् देवत्वाम् देखो प्रत्येक इन्द्रियाँ जो ज्ञानेन्द्रियाँ हैं उनका सबका साकल्य एकत्रित

किया जाता है। **साकल्य कहते हैं चरू को और चरू कहते हैं जो एकत्रित किया हुआ जो मानो तरंगवाद है उसका नाम चरू कहलाता है** और उसको ले करके जब यजमान अथवा आध्यात्मिक यागवेत्ता याग करता है तो अपने हृदय रूपी यज्ञशाला में मानो याज्ञिक बन करके अपने को ऊँचा बनाता है, अपने को देवत्त्व बना देता है। तो इसी प्रकार मुनिवरो ! देखो यह त्रिवर्णस्सुतम् ब्रह्मा वरो व्रतम यह त्रिवर्धा कहा जाता है। यह **त्रि-आभा में रत्त रहने वाला जगत है।**

विष्णु के स्वरूप

मेरे प्यारे ! देखो तीन प्रकार के गुण मानव के समीप होते हैं। सबसे प्रथम देखो गुण का नामोकरण हमारे यहाँ सतोगुण आता है। सतोगुण में, सत में ही रहने वाला वह सतो में रमण करने वाला है। जैसे बेटा ! हमारे यहाँ विष्णु शब्द आता है तो विष्णु शब्द का, वह शब्द में ही निहित रहने वाला है। तो वह विष्णु कहते हैं पालन करने वाले को। मेरे पुत्रो ! इसमें दो शब्दों, दो प्रकार के शब्दों की आभा हमारे समीप आनी प्रारम्भ होती है—एक यौगिक शब्द है तो दूसरा रूढ़ि कहलाता है। जैसे मुनिवरो ! देखो विष्णु का अभिप्राय है पालन करना। पालन करने का नाम बेटा ! देखो वह यौगिक शब्द है वह प्रत्येक आभा में निहित रहने वाला है क्योंकि वैदिक साहित्य में आता है नमनतम ब्रह्मा विष्णु वर्णनम् ब्रहे देवाः क्या देखो विष्णु शब्दों में नाना प्रकार की आभाएँ आती रहती हैं क्योंकि माता का नाम विष्णु है। माता को इसलिए विष्णु कहते हैं क्योंकि वह पालना करने वाली है जैसे परमपिता परमात्मा पालक है और वह विष्णु कहलाता है। **विष्णु कहते हैं जो पालन करने वाला है।** पालन करने वाले को ही विष्णु कहा जाता है। मेरे प्यारे ! देखो मुझे स्मरण आता रहता है। त्रेता के काल में जब मुनिवरो ! देखो भगवान् राम प्रातःकालीन अपनी यज्ञशाला में याग करते रहे तो वह मुनिवरो ! देखो विष्णु के द्वार पर जाने का प्रयास भी करते रहे। और वही काल

है मंगलम् ब्रह्मा वर्णस्सुते जब मुनिवरो ! उन्होंने समुद्र के तट पर भी याग किया था तो वहाँ भी उनका यह उपदेश प्रारम्भ रहता और वह विष्णु की आभा में रत्त रहते और यह कहा करते कि राजा को विष्णु बनना है और देखो प्रजा को मेधाम् भूतम् ब्रह्मा और प्रजा का पालन करना है क्योंकि माता-पिता भी दो प्रकार की सन्तान को जन्म देते हैं। वास्तव में त्रिवर्धा वह भी कहलाते हैं। एक वह होते हैं जो प्रजा के रूप में हैं, एक सन्तान के रूप में होते हैं। प्रजामयी वह होते हैं जो इदन्नममः त्यागपूर्वक माता-पिता देखो सन्तान को जन्म देते हैं और वह माता विष्णु बन करके उसका पालन करने वाली है। तो मुनिवरो ! देखो अमृतम् देखो वह प्रजा कहलाती है। तो इसीलिए परमपिता परमात्मा जो विष्णु है उसका नाम पालक है, वह पालना करने वाला है। तो मुनिवरो ! इसके बहुत से पर्यायवाची शब्द आते रहे हैं जो मैंने तुम्हें कई काल में वर्णन करते हुए कहा है क्या विष्णु के बहुत से पर्यायवाची शब्द हैं। विष्णु नाम परमपिता परमात्मा का है जो पालक है, जो मानो हमारा, देखो अनुशासन में हमें धारण करने वाला है, जो इस संसार को अनुशासन में मानो अनुशासित करने वाला है। जैसे सूर्य प्रातःकाल अपने समय पर उदय होता है। चन्द्रमा अपनी आभा में उदय होता है। रात्रि अपने समय पर आती है परन्तु वायु वेग में भ्रमण करती है। इसी प्रकार यह नाना प्रकार के तारामण्डल एक दूसरे की माला बने हुए हैं। यह परमपिता परमात्मा का नियम है अथवा उसी का यह अनुशासन है और अनुशासन में रत्त रहने वाले हैं।

मेरे प्यारे ! देखो जब ऋषि इस प्रकार वर्णन करने लगे अमृतम् ब्रह्मा देवत्वाम् भू वर्णनं ब्रहे तो उन्होंने कहा कि विष्णु नाम जहाँ परमात्मा का है वहाँ **माता का नाम विष्णु है।** माता भी पालन करने वाली है लोरियों का पान करा रही है परन्तु देखो उसे शुद्ध, बुध, निरंजन यह उपदेश दे रही है और उपदेश दे करके कहती है हे बालक तू बुद्ध है, तू शुद्ध है, तू निरंजन है। मानो देखो इस

प्रकार का उपदेश देती हैं और बुद्धोसि, शुद्धोसि, निरंनजनसी कह कर करके जब लोरियों का प्रसन्न हो करके पान कराती है **तो माता के हृदय की जो तरंगे हैं वह मानो देखो बाल्य के अन्तर्जगत में प्रवेश हो जाती हैं। उन्हीं तरंगों से देखो मन अपने में गति करने लगता है।**

मेरे प्यारे ! देखो हमारे वैदिक साहित्य में माता का नाम विष्णु कहा गया है और विष्णु नम ब्रह्मे देखो विष्णु नाम जहाँ माता का है वहाँ **विष्णु नाम बेटा ! सूर्य का है।** सूर्य को इसलिए विष्णु क्योंकि वह पालक है, पालना करने वाला है। नाना प्रकार का प्रकाश देता रहता है और वह मुनिवरो ! देखो उर्ज्वा देता है, प्रकाश देता रहता है। मेरे प्यारे ! देखो उसी से उत्तरायण और दक्षिणायन बनते रहते हैं। देखो दो पक्ष बने एक दक्षिणायन एक उत्तरायण पक्ष बन गया। तो मुनिवरो ! देखो इसलिए मानव के जीवन में भी इसी प्रकार के दो पक्ष कहलाते हैं एक उत्तरायण है तो एक दक्षिणायन कहलाता है। दक्षिणायन कहते हैं अन्धकार को और मुनिवरो ! देखो समब्रहे और उत्तरायण कहते हैं प्रकाश को। तो यह दोनों ही मानो देखो एक दूसरे के पूरक कहलाते हैं। तो विचार आता रहता है मुनिवरो ! देखो वह अमृतम् यह सूर्य अपने में विष्णु है जो प्रकाश का द्युतक है और ये द्यु से प्रकाश ले करके प्रकाश देता रहता है। यह उर्ज्वा मेरे प्यारे ! देखो नाना खनिजों पर जब प्रव्हे अकृतियों में रत्त होती है तो खनिजों को सजातीय बना देती है और वही खनिज मेरे प्यारे ! मुद्रा के रूप में मुद्रित हो जाती है। तो विचार आता रहता है मुनिवरो ! देखो यह सूर्य विष्णु है जो प्रकाश के देने वाला है, पालक है। यह प्रातःकाल में जब उदय होता है तो यह प्रकाश को ले करके उकान्ता अपने में ऊषा और कान्ता किरणों को ले करके उदय होता है। मेरे प्यारे ! रात्रि को अपने गर्भ में धारण कर लेता है और यह नाना तारामण्डलों के प्रकाश को भी अपने में धारण कर लेता है और यह विष्णु बन करके नाना प्रकार की उर्ज्वा देता है। इससे

वनस्पतियाँ जागरूक हो जाती है और यह वनस्पति में, अपने में रत्त हो करके मानो बेटा ! अपने में जागरूक हो जाता है।

मेरे प्यारे ! विचार आता रहता है कि विष्णु नाम हमारे यहाँ सूर्य को कहा गया है और विष्णु नाम जहाँ सूर्य को कहा गया है वहाँ विष्णु नाम बेटा ! **राजा का नाम विष्णु है।** राजा का नाम विष्णु इसलिए है क्या राजा मुनिवरो ! देखो वह भी पालक है, पालन करने वाला है और जो पालना के मूल में आता है उसी का नाम विष्णु है। वही शब्द यौगिक बन करके मानव के अन्तःकरण को स्पर्श करता है और मानव का अन्तःकरण पवित्र बनता है। तो मेरे प्यारे ! वह राजा का नाम विष्णु कहा जाता है।

मुझे स्मरण आता रहता है बेटा ! एक समय महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज ने ब्रह्मचारियों के मध्य में यह कहा था कि विष्णु क्या है? तो एक वेद-मन्त्र का उन्होंने उद्गीत गाया और वेद-मन्त्र का उद्गीत गाते उन्होंने कहा विष्णु ब्रह्मा क्रतम लोकाम् भूतम् ब्रह्मे लोका व्रता। मेरे प्यारे ! महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज ने प्रातःकालीन ब्रह्मचारियों के मध्य में न्यौदा में से मन्त्रों का उद्गीत गाया और उद्गीत गाते बेटा ! देखो राम और वृतिका ब्रह्मचारी दोनों से कहा जाओ इस मानो देखो मन्त्र के रूप को लाओ। तो मुनिवरो ! देखो दोनों ने विद्यालय के आंगन से वह बाह्य जगत में चले गये और वह अपने में विचारने लगे और विचारने लगे तो कहीं तो मानो देखो विष्णु, विष्णु ध्रुवा में रहता है, कहीं विष्णु ऊर्ध्वा में रहता है, कहीं मानो देखो ऊर्ध्वा में लोक-लोकान्त बनते हैं और कहीं ध्रुवा में जाते हैं तो पालक बनता है। इसी प्रकार उनकी विचारधाराएँ और उनका जो मन्तव्य चिन्तन करने का वह अपने में निबटारा नहीं हो सका। बहुत समय हो गया जब निबटारा नहीं हुआ तो मुनिवरो ! देखो वह अमृतम सायँकाल हो गया प्रातः से, दोनों विचार-विनिमय करने लगे कहीं लोक-लोकान्तरों की उड़ाने उड़ने लगे, कहीं मानो देखो पालना के क्षेत्र में चले जाएँ, कहीं वह किसी क्षेत्र में प्रविष्ट हो जाए। तो मेरे प्यारे ! देखो जब

वह प्रातःकालीन से सायँकाल को महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज के पुनः आश्रम में पधारे और दोनों देखो वह अपने में, निन्द्रा में जागरूकता में नहीं, वह शान्ति में अपने कक्ष में विद्यमान थे।

मेरे प्यारे ! जब दोनों ब्रह्मचारी उनके द्वार पर पहुँचे उन्होंने कहा कहो राम तुम्हारा ऐसा अमृतम ब्रहे वर्णस्तम। मेरे प्यारे ! उन्होंने कहा प्रभु हम अपने में कोई निपटारा नहीं कर सके जो मन्त्र आप ने हमें उद्गीत गाया। हमारे विचार में यह आया है विष्णु नाम आप ने देखो विष्णु हम लोकों को कहते हैं जो पालना के क्षेत्र में रहते हैं और विष्णु नाम ध्रुवा में रहता है। ध्रुवा कहते हैं जो नम्र बनता है। परन्तु हम एकोकी वाक् उच्चारण नहीं कर सकते, विष्णु किसे कहें? तो मेरे प्यारे ! देखो उन्होंने कहा विराजो। वह विराजमान हो गये। तो महात्मा महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज ने अपना मन्तव्य देते हुए कहा क्या हे ब्रह्मचारियों **विष्णु कहते हैं जो ब्रह्म को जानने वाला है।** विष्णु कहते हैं जिसके बिना देखो शून्यता को प्राप्त हो जाते हैं, **देखो, विष्णु नाम आत्मा को कहा जाता है।** आत्मा यदि इस शरीर में नहीं रहेगा तो यह मानव का शव शून्यता को प्राप्त हो जाएगा। तो इसलिए शून्यम ब्रह्मा वर्णे जिसके बिना हम रह नहीं सकते, जिसके बिना हमारा जीवन संचारित नहीं हो सकता उसका नाम विष्णु कहा जाता है। और विष्णु नाम मानो देखो शासक का है जो शासक, जो शासन करने वाला है। प्रत्येक इन्द्रियों को जो जितेन्द्रीय बना करके और वह विष्णु बनता है, वह ध्रुवा में अपनी गति बना लेता है। जैसे माता की गति ध्रुवा हो जाती है जब माता पुत्रवती बन जाती है, जब वह प्रजावान बन जाती है। तो माता की गति ध्रुवा बन जाती है और ध्रुवा कहते हैं जो पालन करने वाला है। इसलिए विष्णु नाम ध्रुवा में रहता है और मुनिवरो ! देखो उन्होंने कहा सम्भव ब्रहे और देखो विष्णु नाम हमारे यहाँ देखो राजा का नाम विष्णु है। यह विवेचना बेटा ! मैंने तुम्हें कई काल में वर्णन की है विष्णु नाम राजा का है जो राजा के यहाँ राजा जितेन्द्रीय

बन करके देखो अपने में पालक बनता है उसका नाम देखो उस राजा का नाम विष्णु कहा जाता है। हमारे यहाँ विष्णु की विवेचना करने वालों ने अपने-अपने मन्तव्य दिये हैं। उन्होंने कहा सम्भूति ब्रह्मणा लोकाम् वाचनूनमय विष्णु। हे विष्णु ! तू कल्याण करने वाला है। राजा का नाम विष्णु है।

महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज ने कहा हे राम देखो राजा का नाम विष्णु जिस राजा के चार प्रकार के नियम होते हैं, जैसे गृह स्वामी और गृह स्वामिनी अपने गृह को ऊँचा बनाते हैं और उनके यहाँ चार प्रकार की नियमावली होती है। ऐसे राजा के राष्ट्र में भी चार प्रकार की नियमावली होनी चाहिए सबसे प्रथम नियमावली में चरित्र आता है जिसको हम **पद्म** के नाम से वर्णन करते हैं। पदनाम भूतम् ब्रहे लोकाम् मानो देखो जो चरित्र का प्रतीक और अनुशासन का प्रतीक माना गया है। इसके पश्चात् देखो एक कन्याम भूतम् ब्रहे राजा के राष्ट्र में एक कन्या दूसरे राष्ट्र के छोर तक चली जाए परन्तु उस कन्या को पुत्री और माता की और भौजाई की दृष्टिपान करने वाला समाज हो और वह समाज अपने में महानता का दर्शन करता रहे तो मानो देखो उस काल में राजा के राष्ट्र में देखो पद्म का प्रतीक बनता है। उसके पश्चात् गदा का प्रतीक बनता है **गदा** कहते हैं जिस राजा के राष्ट्र में क्षत्रिय सुचरित्र होते हैं और क्षत्रिय गदा से युक्त होते हैं। वह मानो देखो दुराग्रह का विनाश करने वाले और जो महापुरुषों की रक्षा करने वाले जो राष्ट्र का प्रहरी बन करके, अपने राष्ट्र को जो उन्नत बनाता है सबसे प्रथम देखो अपना शरीर रूपी जो राष्ट्र है वह इदस राष्ट्र को ऊँचा बनाता है। मानो देखो इस राष्ट्र में आत्मा धिराज है और यह मन और प्राण दोनों मानो देखो इसके प्रहरी कहलाते हैं। आत्मा के द्वारम ब्रह्मे देखो वह प्रहरी बन करके जो इनको जानता है वह वास्तव में देखो वह प्रहरी बन करके जो इनको जानता है वह वास्तव में देखो अपने में देखो युक्त, गदा युक्त होता है। जो ज्ञान युक्त होता है और बाह्य जगत में

वही राजा के राष्ट्र में मानो देखो क्षत्रिय प्रहरी बन करके और वह राजा के राष्ट्र को उन्नत बनाने में लगे रहते हैं और राजा का राष्ट्र मानो देखो ध्रुव देखो दुरिता को नष्ट करना और महानता को जन्म देना उसका नाम मुनिवरो ! देखो क्षत्रिय कहा जाता है। और राजा के राष्ट्र में मानो देखो **संस्कृति** होनी चाहिए, सम ऐसी नियमावली होनी चाहिए जिसको प्रत्येक पृथ्वी का राष्ट्र उसको अपनाने वाला हो ऐसी नियमावली वाला देखो राष्ट्र होना चाहिए और देखो साम ब्रहे अपनी संस्कृति का प्रसार करने वाला हो।

मुझे बेटा ! भगवान् राम का जीवन प्रायः स्मरण आता रहता है। भगवान् राम ने मानो देखो लंका को विजय किया, पातालपुरी को विजय किया। उन्होंने और भी नाना राष्ट्रों को विजय किया क्यों किया और विजय करके उन्हीं को राष्ट्र प्रदान कर दिया। क्योंकि उन्होंने अपनी संस्कृति का प्रसार किया। संस्कृति उसे कहते हैं जिसमें मानवता हो, जिसमें मानो देखो महानता हो और विज्ञानता हो और उसमें मानो देखो मानव विज्ञान की प्रतिभा महानता में रत्त रहने वाली हो। तो ऐसा जो नियम होता है राजा के राष्ट्र में वह अमृतम् ब्रह्मा वर्णनं ब्रहे वह संस्कृति का प्रतीक कहलाता है। संस्कृति, देखो भगवान् राम का जीवन जिन्होंने दृष्टिपात किया है अथवा अध्ययन किया है उन्हें यह प्रतीत है कि उनका जीवन कितना महान् रहा है। बेटा ! देखो उन्होंन अहिरावण को नष्ट किया और मकरध्वज को, हनुमान के पुत्र मकरध्वज को वहाँ का धिराज बनाया और धिराज बना करके मुनिवरो ! देखो वह पातालपुरी उसी को प्रदान कर दी। उन्होंने स्वेधज नाम के राजा को नष्ट किया। मेरे प्यारे ! देखो अहिरावण जो राजा वहाँ का संस्कृति से विपरीत हो रहा था उन्हें नष्ट किया और नष्ट करके मुनिवरो ! उन्होंने स्वेधा त्रेताम नाम का राजा देखो वहाँ का धिराज बनाया। मेरे प्यारे ! देखो उन्होंने रावण को नष्ट किया तो विभीषण को वहाँ का धिराज बनाया और संस्कृति का प्रसार किया।

मेरे प्यारे ! देखो उन्होंने नाना राजाओं के यहाँ संस्कृति का प्रतीक बना करके अपने नामोकरण को ऊर्ध्वा में पहुँचाने का प्रयास किया। तो मेरे प्यारे ! देखो आज मैं भगवान् राम की प्रशंसा करने नहीं आया हूँ। विचार विनिमय केवल यह कि उनका जो क्रियाकलाप रहा है उनके जीवन में जो उनकी महानता रही उसका वर्णन करने जा रहा हूँ।

मेरे प्यारे ! देखो राजा के राष्ट्र में प्रायः देखो संस्कृति का प्रसार यह मानो तृतीय भुज कहलाता है और चतुर्थ जो भुज है वह मुनिवरो ! देखो **शंख ध्वनि** कहलाती है। शंख ध्वनि के सम्बन्ध में ये अमृतम् वेदाम् भूतम् ब्रह्मे लोकाम् वृति देवाः—राजा के राष्ट्र में ब्राह्मण होने चाहिए। जिस राजा के राष्ट्र में तपस्वी ब्राह्मण होते हैं उस राजा का राष्ट्र पवित्र होता है और जिस राजा के राष्ट्र में ब्राह्मण बनते हैं परन्तु वह ब्राह्मण नहीं हैं कुछ समय में मानो देखो ब्रह्मत्व नष्ट हो जाएगा और राष्ट्र की प्रणाली भी नष्ट हो जाएगी। मेरे प्यारे ! देखो राजा के राष्ट्र में शंख ध्वनि होनी चाहिए। शंख ध्वनि का अभिप्राय है क्या वेद का जब उद्गीत गाने वाला ब्राह्मण हो और त्याग और तपस्या में रत्त रहने वाला हो तो मेरे प्यारे ! देखो ब्राह्मण्ड जब गान गाता है वह मानो देखो गान गाता है जटा पाठ, धन पाठ, माला पाठ, विषर्ग पाठ, उदात्त और अनुदात्त में जब वेदों का गान गाने वाला होता है तो वह ब्राह्मण कहलाता है। मेरे प्यारे ! देखो ब्राह्मण की विवेचना करता हुआ वह वेद का आचार्य कहता है राजा के राष्ट्र में वह ब्राह्मण होता है जो तपस्वी होता है जो प्रत्येक गृह में वेद का प्रसार करने वाला हो। इसीलिए हमारे आचार्यों ने कहा है क्या प्रत्येक गृह में, प्रत्येक नगर में और प्रत्येक राजाओं के यहाँ पुरोहित होने चाहिए। पुरोहित उसे कहते हैं जो पराविद्या को देने वाले हों, जो पराविद्या में मानव को परणित करने वाले हों, गृहों को ऊँचा बनाने वाले हों वह पराविद्या में मुनिवरो ! ले जाते हुए पुरोहित कहलाते हैं। और वही पुरोहित मेरे प्यारे ! देखो गृह और समाज को

ऊँचा बनाते हैं, वही पुरोहित राष्ट्र को ऊँचा बनाते हैं। मेरे प्यारे ! देखो भगवान् राम ने अपने राष्ट्र में यह घोषणा की क्या मेरे राष्ट्र में क्या मानो पुरोहित होने चाहिए। मेरे राष्ट्र में ब्राह्मण होने चाहिए। ब्राह्मण जो वेद का पठन-पाठन करने वाला हो जो उदात्त में गान गाने वाला हो जो जटा पाठ और धन पाठ में गाने वाला हो और वह वेद के मर्म को जानने वाला हो प्रकाश में रत्त रहने वाला हो। तो जिस राजा के राष्ट्र में मानो देखो ब्राह्मण होता है वह राष्ट्र पवित्र होता है। और यदि ब्राह्मण की मृत्यु हो गई है तो राष्ट्र की भी मृत्यु हो जाती है। आज मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा नहीं क्योंकि बुद्धिमान सदैव रहने चाहिए और बुद्धिमान जब नहीं रहेंगे जब पुरोहितपन नहीं रहेगा तो मानव का देखो निचरला स्थल भी नहीं रहेगा, वह भी समाप्त हो जाएगा। तो इसीलिए पुरोहित, जितने भी क्रियाकलाप हैं वह मेरे प्यारे ! देखो राजा को यह विचारना चाहिए क्या देखो ब्राह्मण से द्वितीय स्थान पर कोई रूढ़िवाद तो नहीं पनप रहा है। ईश्वर के नामों पर जब रूढ़ियाँ पनप जाती हैं तो राजा के राष्ट्र अपने में रसातल को चले जाते हैं।

मेरे प्यारे ! देखो मुझे स्मरण आता रहता है एक मानव देखो एक ब्राह्मण देखो अअधिकारी तपस्या करने लगा। उसे अधिकार नहीं था, विवेकी नहीं था और विवेक न होने से जब वह तपस्या करने लगा तो मुनिवरो ! देखो ब्रह्म समाज में, बुद्धिमानों में एक नवीन क्रान्ति का जन्म हुआ और जन्म होने से राम के द्वार यह पुकार गई क्या महाराज देखो यहाँ अनाधिकारी, अधिकार में जा रहा है और यह तपस्या का इसे विवेक है नहीं, यह तमोगुणी तपस्या कर रहा है। तो मेरे प्यारे ! देखो स्मरण आता रहता है राम ने अपने अस्त्रों-शस्त्रों से उसका निधन किया और उसे शूद्र कह करके, देखो शूद्र कह करके उसको निधनम् ब्रह्मा। शूद्र उसी को कहते हैं जो अनाधिकार चेष्टा करने वाला है। अधिकार उसे है नहीं और अनधिकार में प्रवेश करता हुआ और वह मानव को देखो एक दूसरे को क्या अपनी अन्तरात्मा

को जो दुखित करने वाला है वह शूद्र संज्ञा राम ने प्रदान करके उसको विनष्ट कर दिया। नष्ट करने के पश्चात् मेरे प्यारे ! देखो वह जब त्राहि अमृतम समाप्त हो गया और पुनः से मानो देखो उन्होंने कहा, राम का यह वचन था क्या कोई भी रूढ़ियाँ नहीं रहनी चाहिए क्योंकि रूढ़ि के कारण ही देखो राजा रावण के राष्ट्र का विनाश हुआ और यदि रूढ़ि नहीं होती तो रावण के राष्ट्र का विनाश नहीं हो सकता था। राजा रावण के राष्ट्र में ईश्वर के नाम पर नाना प्रकार की रूढ़ियाँ बन गई थीं। पुत्र मानो देखो किसी और मत को स्वीकार कर रहा है, पिता किसी मत को स्वीकार कर रहा है। मानो देखो वह यागों में ऐसे मधं ब्रह्मा जो दूसरों को नष्ट करने वाले यागों को करने वाले मानो देखो राक्षस एक सम्प्रदाय थी जो जिसमें राजा रावण निहित रहता था। राक्षस मानो देखो कोई अमृत नहीं था परन्तु वह केवल एक सम्प्रदाय कहलाता था। तो आज मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा न प्रगट करता हुआ केवल यह क्या मुनिवरो ! देखो राजा का राष्ट्र अपने में पवित्र जब बनता है जब राजा के राष्ट्र में चार प्रकार की नियमावली उसके यहाँ राजा के राष्ट्र में देखो नियमक ब्रहे वह अपने में निहित हो जाती है। उसको प्रत्येक प्राणी अपने में स्वीकार करने लगता है और स्वीकार राजा कराता है क्योंकि राजा स्वयँ जब उनको स्वीकार करता है तो प्रजा उनको स्वीकार कर लेती है।

मेरे प्यारे ! देखो मुझे स्मरण आता रहा है—भगवान् राम का यह कथन था प्रातःकालीन क्या देखो प्रत्येक गृह में, राष्ट्र देखो गृह-गृह में सुगन्ध होनी चाहिए। गृह-गृह में याग होने चाहिए। स्वाहा की ध्वनि होनी चाहिए प्रत्येक गृह में चाहे वह राष्ट्रीय गृह है, चाहे वह साधारण प्रजा का गृह है। मानो देखो सर्वत्र चाहे विद्यालय है सबमें स्वाहा की ध्वनि होनी चाहिए। उन ध्वनियों से जब राष्ट्र का देखो वायु मण्डल भरण हो जाता है तो वहाँ देखो प्रदूषण नहीं हुआ करता है। वहाँ महानता का दर्शन होता है, वहाँ समाज

एक महानता की ज्योति में ज्योतिवान हो करके अपने में धारयामि बनता है।

आओ मुनिवरो ! देखो मैं आज तुम्हें विशेष चर्चा प्रगट करना नहीं चाहता हूँ। महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज ने मेरे प्यारे ! देखो यह भगवान् राम और वृतिका ब्रह्मचारी को अपने में निर्णय कराया। आज मैं बेटा ! अपने विचारों को किसी कल्प में ले गया परन्तु देखो मैं इस सम्बन्ध में न जाता हुआ महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज ने कहा क्या विष्णु नाम राजा का है और उस राजा का जो चार प्रकार के नियम बनाने वाला हो अपने राष्ट्र में और चार प्रकार के नियम जो समाज में स्थिर करने वाला हो वही मानो देखो वह राजा विष्णु कहलाता है। वही चतुर्भुज कहलाता है। चतुर्भुज कहते हैं चार प्रकार के नियमों को जिन्हें धारण करने के पश्चात् मानव अपने में मानवीयता का प्रसार करता हुआ और वह विष्णु रूप बन करके अपने को धारयामि बनाता है।

आओ मेरे प्यारे ! आज मैं तुम्हें प्रत्येक देखो आभा में नहीं ले जाना चाहता हूँ। केवल विचार-विनिमय यह प्रारम्भ हो रहा था क्या मैं त्रिवर्धा की चर्चा कर रहा था। मेरे प्यारे ! देखो यह संसार त्रिवर्धा में निहित रहने वाला है और त्रिचरण कहलाते हैं। उन्हीं में मुनिवरो ! देखो यह अपने में निहित रहने वाला भू, भुवः, स्वः यह भी तीन प्रकार का परमाणु है जिसमें विज्ञान है और मुनिवरो ! देखो तीन ही प्रकार के लोकों की प्रतिभा कहलाती है। भू, भुवः, स्वः यही अपने में रत्त रहने वाले हैं। तीन वर्ण कहलाते हैं बेटा ! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य मानो देखो तीन वर्णों में यह तीन ही आश्रम होते हैं। मुनिवरो ! देखो चतुर्थ तो मोक्ष का स्थान है। तो इसी प्रकार त्रिवर्धा यह जगत कहलाता है। तो मेरे प्यारे ! देखो तीन अमृतों से मानो परणित होने वाला यह जगत है। तो आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा न प्रगट करता हुआ, आज का विचार-विनिमय क्या

कि हम परमपिता परमात्मा के इस अमूल्य जगत में परमपिता परमात्मा का नाम विष्णु है जो पालक है, जो पालना करने वाला है। मेरे प्यारे ! देखो यह यौगिक शब्द है इसके ऊपर विचार-विनिमय किया जाए और प्रत्येक मानव को अपने कर्त्तव्य में निहित रहना चाहिए। **कर्त्तव्य ही मानव को मानवीयता के क्षेत्र में ले जाता है** और अकर्त्तव्य ही, अनाधिकार ही मुनिवरो ! मानव को निचरली स्थली पर ले जाता है।

विचार-विनिमय क्या हम परमपिता परमात्मा को अपना मंगलम ब्रहे व्रत बना करके मुनिवरो ! उसके प्रति हमें आस्था हो करके हमें तपस्वी बनना चाहिए और विचारक बने जिससे हमारा जीवन एक पवित्रता की वेदी पर मानो रत्त हो करके और अपने में महानता में परणित हो करके परमात्मा को प्राप्त होते रहें और परमात्मा के जगत को सुदृष्टिपान करते रहें ऐसा बेटा ! हमारा आज का मन्तव्य है। अब हमारा वाक् ये समाप्त होने जा रहा है। **आज के वाक् उच्चारण करने का अभिप्रायः ये कि हम परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान में रत्त रहें और देखो अपने को जानते हुए इस सागर से पार हो जायें।** यह है बेटा ! आज का वाक्, अब समय मिलेगा मैं तुम्हें शेष चर्चायें कल प्रगट करूँगा।

ओ३म देवाः आभ्याम् मनाः यम मानाः।

ओ३म् यश्शचाहम् गायन्त्वाः आपा रथम् मा प्रजाहाम्।

अच्छा भगवन् !

दिनाँक : 3 सितम्बर, 1992

समय : दोपहर 3 बजे

स्थान : श्री सुखबीर सिंह दाह, बेगमपुर

॥ ओ३म् ॥

आत्म-उत्थान का मार्ग

जीते रहो,

देखो, मुनिवरो ! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद-मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद-मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद-वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस परमपिता परमात्मा का आभामयी जगत माना गया है। जब हम ये अपने में दृष्टिपात् करते हैं कि वह जो मेरा प्यारा प्रभु है, उसका ही ये जगत एक आभा युक्त बनकर के रहता है। क्योंकि उसी की आभा हमें दृष्टिपात् आती है। मेरे प्यारे महानन्द जी ने बहुत पुरातन काल में नाना वार्ताएँ प्रकट कीं। आज मैं उन विचारों को तो व्यक्त नहीं कर पाऊँगा, परंतु आज मैं कुछ यज्ञ के संबंध में यज्ञ के संबंध में तो नित्य प्रति ही उच्चारण किया जाता है। हमारे यहाँ यज्ञ रूप, ये जगत है। आज हम जब यज्ञ कर्म करने के लिये तत्पर होते हैं तो उसके साथ में हमारी मनोनीत भावना होती है, मनोनीत एक विचार होता है। और वह जो संकलन मानव को उत्पन्न होता है उसी संकलन के साथ में मानव की आत्मिक जो प्रतिपदा, प्रतिभा है, वह उन विचारों के साथ में निहित होती है। जिन विचारों का बाह्य जगत बनता है, उन विचारों का बाह्य जगत बनकर के हम सुंदर संसार की क्रियाओं में परणित होते हैं।

देव-पूजा

मानो ये जो क्रिया है, वही हमारा कर्मकाण्ड है। वही उस परमात्मा की एक आभा है, जिसको हमें प्रायः विचारना है। जहाँ मैं

ये कहा करता हूँ कि यज्ञ हमारे यहाँ देव पूजा मानी जाती है देव पूजा का अभिप्रायः ये कि देवों को हवि प्रदान करना। देवताओं का जब हम हवि देते हैं, तो उस हवि से हमारा अन्तरात्मा प्रसन्न होता है। क्योंकि हमारा जो ये मानव जीवन है ये देवताओं से सम्बन्धित है। अथवा देवताओं से हम प्रेरणा अथवा सहायता पान करते हैं और वे देवता जितने भी प्रसन्न होते हैं, जितने भी तृप्त रहते हैं उतना ही हमारा हृदय, हमारी मानवता उतना ही हम नम्र बनकर के हम देवताओं की पूजा में संलग्न हो सकते हैं। परंतु प्रत्येक मानव के नाना प्रकार के विचार रहते हैं।

मैं तो परंपरागतों से ये ही उच्चारण करता चला आया हूँ कि हम देवताओं की पूजा करें। देवता हमें उस मार्ग पर ले जाते हैं जिस मार्ग पर जाने के पश्चात् मानव की आंतरिक ध्वनि पवित्र होती है। मेरे प्यारे ऋषिवर ! हम जब आत्मा के सम्बन्ध में अथवा देवताओं के संबंध में विचार करने लगे, कि हमारा मानव शरीर है, इस मानव शरीर में देवता कार्य कर रहे हैं। मानव अग्नि से प्रकाश पाता है। कौन से अमृत को पान करता है, वायु से क्रिया का अस्वात होता है। अग्नि से तेज प्राप्त होता है। पृथ्वी से मुनिवरो ! देखो, हमें सुगंध प्राप्त होती है। अन्तरिक्ष से मुनिवरो ! देखो, हमें भरणता की अवकाश-कृति प्राप्त होती है। तो हमें इन सब वाक्यों पर विचार-विनिमय करना है कि याग से हम पञ्च महाभौतिक जो जगत है, इस पञ्च महाभूतों को हम श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं। और **ये पञ्चमहाभूत ही सृष्टि का मूल कारण हैं, ये ही मानव के शरीर की रचना का मूल कारण है।** मेरे प्यारे ! इसीलिए हमारे यहाँ ये सर्वत्र जगत एक प्रकार का यज्ञमयी माना गया है और इस यज्ञ को ही हमारे यहाँ, देवपूजा कहते हैं, देवताओं को तृप्त करना है।

आभायुक्त जीवन की प्रेरणा

अब हमारे देवता कौन हैं? बेटा ! जो बुद्धिमान, ब्रह्मवेत्ता और जड़वत हैं और जड़ से हमें नाना प्रकार की वस्तुएँ प्राप्त होती हैं।

तो हम जब एक-एक वस्तु पर अपना विचार-विनिमय करते हैं तो हमें प्रायः ऐसा प्रतीत होने लगता है, हमें ऐसा अनुभव होने लगता है कि वास्तव में हम परमपिता परमात्मा की आभा में युक्त हैं। परमात्मा की ही प्रतिभा में हम अपने को दृष्टिपात् करें, उसी में हमारा जीवन, उसी में हमारा याग है। मैंने कई काल में प्रकट करते हुए कहा कि **''संसार में नाना प्रकार के याग होते हैं परंतु उन यागों में भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रक्रियाएँ होती हैं।''**

